बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

# अधिसूचना

संख्या– वि० प्रा० (II) स्था०(त्याग / विरमण)–07 / 2025 / /पटना, दिनांक–

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–57 / 2020 के आलोक में आयोग के पत्रांक–12 दिनांक–30.05.2023 द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–3369 दिनांक–08.09.2023 द्वारा सुश्री अन्नपूर्णा वर्मा को बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा के अधीन सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र) वेतन लेवल–10 (प्रवेश वेतन–57,700 / –) के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में पदस्थापित किया गया था, जिसके आलोक में सुश्री वर्मा द्वारा पदस्थापन महाविद्यालय में दिनांक–19.10.2023 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किया गया।

02. सुश्री अन्नपूर्णा वर्मा, सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर के अनुरोध पर विभागीय आदेश संख्या–4933 दिनांक–02.09.2026 द्वारा सुश्री वर्मा को भारतीय खान ब्यूरो (Indian Bureau of Mines), Ministry of Mines, भारत सरकार में Junior Mining Geologist के पद पर वेतन लेवल–10 (56,100–1,77,500) वेतन मैट्रिक्स में योगदान करने हेतु दिनांक–31.08.2026 (अपराह्न) के प्रभाव से त्याग–पत्र स्वीकृत करते हुए, उन्हें विरमित किया गया।

03. सुश्री वर्मा, तत्कालीन सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर के द्वारा त्याग किये गये सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र), राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर के पद पर पुनः योगदान / पुनर्नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है।

04. अतः सेवा संबंधी मार्गदर्शिका नियम–4 के आलोक में सुश्री अन्नपूर्णा वर्मा, तत्कालीन सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र) द्वारा उनके त्याग पत्र वापस लेने के अनुरोध को स्वीकृत करते हुए उन्हें राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में पुनः पदस्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

05. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
(अहमद महमुद)
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) स्था०(त्याग / विरमण)–07 / 2025 /  / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं हक), बिहार, पटना / कुल सचिव, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, बक्सर / प्रभारी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर एवं सुश्री अन्नपूर्णा वर्मा, तत्कालीन सहायक प्राध्यापक (भू–गर्भ शास्त्र),राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) स्था०(त्याग / विरमण)–07 / 2025 /  / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– अधीक्षण खनन भूविज्ञानी एवं कार्यालय प्रमुख, भारतीय खान ब्यूरो, इंदिरा भवन, सिविल लाईन, नागपुर–440001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) स्था०(त्याग / विरमण)–07 / 2025 / 6992 पटना, दिनांक– 12.11.26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक के निजी सहायक / सभी पदाधिकारी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/11/26
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।